ट्रांसफार्मर के पैनल में आई खराबी को किया गया दुरुस्त, जल प्रदाय सुचारू रूप से प्रारंभ

भिलाई नगर/ शिवनाथ इंटक वेल के ट्रांसफार्मर पैनल के करंट ट्रांसफॉर्मर में नमी आ जाने के कारण इसके कुछ उपकरण में खराबी आ गई थी जिसे निगम की 8 लोगों की टीम ने दिन रात करके दुरुस्त कर दिया है अब जल प्रदाय सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है! निगम के जल विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि करंट ट्रांसफार्मर में नमी आने के कारण छोटे-छोटे उपकरण खराब हो गए थे जिनमें सुधार किया गया है ! उपकरणों में इनकमर के केबल का किट परिवर्तन किया गया है , बैटरी चार्जर चेंज किया गया है, केबल किट को नया लगाया गया है, फ्यूज को बदला गया है तब जाकर शिवनाथ इंटकवेल से बीती रात की अर्धरात्रि को तकरीबन 2 बजे जल प्रदाय प्रारंभ किया गया! करंट ट्रांसफार्मर में नमी आने के कारण निगम के वैशाली नगर , खुर्सीपार एवं मदर टेरेसा नगर के कुछ क्षेत्रों में जल प्रदाय प्रभावित हुआ है! कार्यपालन अभियंता ने आगे बताया कि करंट ट्रांसफार्मर में नमी आते ही इसको सुधारने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया इसे सुधारने के लिए गोंडवाना इंज. की तकनीकी टीम के कर्मचारियों को लगाया गया , इसकी मॉनिटरिंग सहायक अभियंता बृजेश श्रीवास्तव , उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं प्रभारी उप अभियंता बसंत साहू ने उपस्थित रहकर किया! उल्लेखनीय है कि जल प्रदाय निरंतर बनाए रखने के लिए शिवनाथ इंटक वेल में 2 नए ट्रांसफार्मर साल भर पहले लगाए गए हैं, तब से ट्रांसफार्मर में खराबी नहीं आई है परंतु इसके सहायक उपकरण में नदी किनारे का क्षेत्र होने के कारण नमी आ गई थी, जिसे निगम की टीम ने तत्परता से सुधार कर जल प्रदाय सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया है!